भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं.139
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इनबाउंड पर्यटन क्षेत्र

139 श्री जग्गेशः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के पुनः आरंभ होने के बाद भी इनबाउंड पर्यटन महामारी-पूर्व के स्तर का मात्र 30-40 प्रतिशत होने का दावा किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सच है कि इनबाउंड पर्यटन उद्योग कोविड-19 महामारी के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुआ था; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग को विदेशी टूर ऑपरेटरों के समकक्ष स्तर पर लाने और इसे पड़ोसी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी नहीं, महोदय। आप्रवासन ब्यूरो से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अप्रैल 2023 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) वर्ष 2019 की इसी अवधि के दौरान एफटीए के 79 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

(ख): जी हाँ, महोदय । कोविड-19 महामारी के कारण भारत में इनबाउंड पर्यटन प्रभावित हुआ था।

(ग): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन के विभिन्न उत्पादों एवं गंतव्यों को प्रोत्साहित करने तथा वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिससेदारी को बढ़ाने के लिए पर्यटन सृजनकारी बाजारों में भारत की पर्यटन के एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।एकीकृत विपणन एवं संवर्धन कार्यनीति तथा ट्रैवल ट्रेड, राज्य सरकारों तथा विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान के माध्यम से इन उद्देश्यों को पूरा किया जाता है।

प्रोत्साहन गतिविधियों में यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी; स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं आउटडोर मीडिया में विज्ञापन; रोड शो, इंडिया ईवनिंग्स, सेमिनार एवं कार्यशालाएं भारतीय खाद्य एवं सांस्कृतिक महोत्सवों का आयोजन तथा सहायता, टूरऑपरेटरों को ब्रोशर सहायता और एयरलाइंस, टूर आपरेटर एवं अन्य संगठनों आदि के साथ संयुक्त, विज्ञापन/ संयुक्त संवर्धन शामिल हैं।

पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने "इनक्रेडिबल इंडिया! विजिट इंडिया ईयर 2023" की घोषणा की है।

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित और प्रोत्साहित करने के लिए दुनिया के महत्वपूर्ण पर्यटक सृजक बाजारों के साथ-साथ उभरते हुए और संभावित बाजारों के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लिया । इनमें लंदन में डब्ल्यूटीएम 2022, मेड्रिड में एफआईटीयूआर 2023 और बर्लिन में आईटीबी 2023 शामिल हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों और विभिन्न अन्य हितधारकों के साथ बी2बी बैठकें कीं और महामारी के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में ट्रैवल मीडिया को अवगत कराने हेतु प्रेस मीट का आयोजन किया। यात्रा व्यापार की नेटवर्किंग को सुविधाजनक बनाने के लिए, हमारी भागीदारी के दौरान इंडिया ईवनिंग (भारत संध्या) का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा, भारतीय पवेलियन में संस्कृति, विरासत और विशिष्ट पर्यटन उत्पाद जैसे व्यंजन, निरोगता, योग, वन्य जीवन और लक्ज़री आदि सहितभारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

पर्यटन मंत्रालय, देश में वीजा व्यवस्था को सरल बनाने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। ई-वीज़ा योजना अब 166 देशों के नागरिकों के लिए उपलब्ध है और यह निम्नलिखित पाँच श्रेणियों में उपलब्ध है:

(i) ई-टूरिस्ट वीजा,
(ii) ई-बिजनेस वीजा,
(iii) ई-मेडिकल वीजा,
(iv) ई-कान्फ्रेंस वीजा, और
(v) ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा

ई-वीज़ा 29 नामित हवाई अड्डों और 5 नामित बंदरगाहों के माध्यम से प्रवेश के लिए मान्य है।

******